सार-समाचार

वृक्षारोपण अभियान का शुभारंभ

कोटा, (निसं)। 999 पर्यावरण समिति के मुख्य संरक्षकश् राजेश टेलर (पुलिस वृत अधिकारी) के तत्वाधान मे जेपी सर्किल पर 99 वृक्षारोपण से अभियान का शुभारम्भ किया गया जिसमे मुख्य अतिथि रवि दत्त गौड़ (पुलिस महानिरीक्षक) कोटा रेंज राजेश बिरला (स्टेट चेयरमैन इंडियन रेडक्रास सोसायटी) एवं अमृता दुहन (पुलिस अधीक्षक) कोटा शहर द्वारा कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। समिति अध्यक्ष संदीप भाटिया द्वारा बताया गया की पुराने कोटा मे समिति द्वारा पुलिस उपाधीक्षक राजेश टेलर के सानिध्य मे 999 पौधरोपण का लक्ष्य रखा गया है। जिसके प्रथम चरण मे शुक्रवार को 99 पौधे लगा कर शुभारम्भ किया गया और द्वितीय चरण का आगाज किया गया, जिसमे कई पर्यावरण प्रेमिओं ने अपनी भागीदारी निभाई। जल्द ही दूसरे चरण का शुभारम्भ किया जायेगा। सचिव सुनील खरबन्दा द्वारा आये हुए अशोक माहेश्वरी महासचिव व्यापार महासंघ व सभी विशिष्ट आतिथियों व कार्यकारिणी सदस्यों व समस्त पर्यावरण प्रेमिओं का स्वागत किया एव धन्यवाद किया गया। मुख्य संरक्षक राजेश टेलर द्वारा शहरवासीओं से अपील की गई की सभी नागरीक गण इस अभियान से भावनात्मक रूप से जुड़कर ग्रीन कोटा का सपना साकार करने मे सहयोग अवश्य करे

'रोजगार देने से लेकर एक्सपोर्ट तक में बड़ा योगदान'

-कोटा सीए ब्रांच द्वारा मनाया गया एमएसएमई डे

कोटा, (निसं)। दी इंस्टीट्यूट ऑफ चार्टर्ड अकाउंटेंट ऑफ इंडिया की कोटा सीए ब्रांच द्वारा शुक्रवार को चम्बल इंडस्ट्रीयल एरिया स्थित एक निजी होटल में एमएसएमई डे मनाया गया। कोटा सीए ब्रांच के चेयरमैन सीए दीपक सिंघल ने बताया कि कार्यक्रम के मुख्य अतिथि लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ताराचंद गोयल व विशिष्ट अतिथि दी एसएसआई एसोसिएशन के संस्थापक अध्यक्ष गोविंद राम मित्तल थे। मुख्य अतिथि ताराचंद गोयल ने सीए सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि इंडियन इकोनॉमी में जैसे किसान और एग्री सेक्टर का बहुत बड़ा योगदान हैं, ठीक उसी तरह का योगदान एमएसएमई सेक्टर का भी है। इनका रोजगार देने से लेकर एक्सपोर्ट तक में काफी बड़ा योगदान है। कार्यक्रम में पीएनबी बैंक के डीजीएम प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, जयपुर, कोटा सर्किल हेड आशुतोष दुबे व अन्य बैंक अधिकारियों ने भी कार्यक्रम में हिस्सा लिया। कार्यक्रम के मुख्य कॉऑर्डिनेटर अंकित गुप्ता थे। कार्यक्रम में लघु उद्योग भारती के चारों शाखाओं के पदाधिकारी के साथ-साथ सीए आशीष व्यास, सीए जम्बू अग्रवाल, सीए दिनेश जैन, सीए रोहित पाटौदी व टैक्स बार एसोसिएशन कोटा के अध्यक्ष सीए विष्णु गर्ग व एसएसआई संगठन के अध्यक्ष मनोज राठी समेत कई सीए व उद्यमी सदस्य उपस्थित थे।

31 जुलाई तक करवा सकते हैं फसल बीमा

कोटा, (निसं)। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत फसल खराबे से होने वाले नुकसान से बचाव के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। संयुक्त निदेषक कृषि अतीश कुमार शर्मा ने बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना खरीफ सीजन के लिए एग्रीकल्चर इंश्योरेन्स कम्पनी ऑफ इन्डिया लिमिटेड दो मौसम के लिए आवंटित किया गया है। फसल बीमा में आने वाली समस्याओं के समाधान के लिए बीमा कंपनी प्रतिनिधि व कृषक रक्षक पोर्टल हेल्प लाईन नम्बर 14447 पर भी संपर्क कर सकते हैं। राज्य सरकार द्वारा जिले में खरीफ फसलों के अन्तर्गत अधिसूचित फसलें ज्वार, मक्का, उड़द, सोयाबीन, तिल, धान एवं बागवानी फसल संतरा है। बीमित राशि का खरीफ फसल के लिए 2 प्रतिशत, रबी के लिए 1.5 प्रतिशत और वाणिज्यिक व बागवानी फसलों के लिए 5 प्रतिशत प्रीमियम कृषक द्वारा वहन किया जाएगा उन्होंनें बताया कि प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत किसान, खरीफ फसलों का बीमा 31 जुलाई तक करा सकते हैं। योजना में किसानों द्वारा खेतों में वास्तविक रूप से बोई गई फसलों की सूचना 29 जुलाई तक लिखित में देनी होगी ताकि वास्तविक बुआई के अनुसार फसलों का बीमा सम्बन्धित बैंक या समिति द्वारा किया जा सके।

जय जगन्नाथ के नारों से गुंजायमान हुई शिक्षा नगरी

कोटा, (निसं)। उत्साह,उमंग,हर्ष और उल्लास, रंग-बिरंगे कपड़ों और फूलों से सजा भव्य व दिव्य 30 फीट उंचा हाईड्रोलिक रथ, उस पर सवार जगत प्रभु भगवान जगन्नाथ और ढोल, नगाड़े और शंख की ध्वनि से भक्तिमय माहौल में हजारों की संख्या में जयकारें लगाते

- **भव्य श्रीजगन्नाथ रथयात्रा महोत्सव सम्पन्न**
- **15,000 श्रद्धालुओं ने प्राप्त किया प्रसाद, रथ पर विराजे प्रभु श्रीजगन्नाथ, बलराम व सुभद्रा**



कोटा में प्रभु भगवान जगन्नाथ जी की रथयात्रा आस्था के साथ निकाली।

प्रभु जगन्नाथ के भक्त।

उनको बलभद्र और सुभद्रा संग दर्शन देते नयनाभिराम विशेष पोशाक में प्रभुजगन्नाथ और चंदन की सुगंध बिखरते हुए जलवर्षा। यह नजारा था इस्कॉन कोटा द्वारा आयोजित रथ यात्रा की। मायापुरवासी प्रभुजी ने बताया कि दोपहर 5 बजे गुमानपुरा स्थित शीतला माता मंदिर से प्रारंभ होकर रथयात्रा गीता भवन तक नगर के प्रमुख मार्गों से गुजरी। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा, हरिनाम संकीर्तन और स्वागत से प्रभु का अभिनंदन किया।

भव्य रूप से सजे 30 फीट ऊंचे रथ पर भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्राजी का विग्रह विराजमान रहा, जिसे भक्तों ने रस्सियों से खींचते हुए नगर भ्रमण कराया। रथ को वृंदावन से लाए गए सुगंधित फूलों, एलईडी लाइट्स और पारंपरिक कलाकृतियों से सजाया गया था, जिसने पूरे आयोजन को दिव्य आभा प्रदान की।

रथयात्रा के समापन स्थल गीता भवन में विशाल धर्मसभा एवं सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रेडक्रॉस सोसायटी के स्टेट प्रेसिडेंट राजेश कृष्ण बिरला ने भी अपने उद्बोधन में कहा ऐसे आयोजनों से समाज में शांति, सेवा और अध्यात्म का विस्तार होता है।

सीएमएचओ ने पीएचसी का निरीक्षण किया

कोटा, (निसं)। सीएमएचओ डॉ. नरेन्द्र नागर ने शुक्रवार को सांगोद ब्लॉक के देवली मांझी ग्राम पंचायत में लगे पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय संबल शिविर का निरीक्षण किया। शिविर में सेवाएं दे रहे विभाग के चिकित्सकों व कार्मिकों से चर्चा की और बेहतर सेवाओं को संबध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होने कहा कि शिविर में विभागीय स्टॉल के माध्यम से अधिक से अधिक लोगों को लाभान्वित किया जाए। एनसीडी के स्टेट नोडल अधिकारी डॉ सुनिल सिंह के निर्देशानुसार शिविरों में अधिक से अधिक लोगों की एनसीडी स्क्रीनिंग की जाए। डॉ.नागर ने बताया कि शिविर में विभाग की ओर से 125 व्यक्तियों की एनसीडी स्क्रीनिंग की गई, एक यूडीआईडी बनाई गई, 4 पीएमजेएवाई कार्ड वितरित किए, एक का टीकाकरण व एक टीबी रोगी को निक्षय किट वितरित किया गया। सीएमएचओ ने देवली मांझी में बने पीएचसी के नए भवन का भी निरीक्षण किया और इसके हैण्ड ऑवर, टेक ऑवर के बारे में निर्देश दिए। इस दौरान डीपीओ नरेन्द्र वर्मा भी साथ रहे।

साधु संतों के सानिध्य में भव्य महा आरती के साथ भगवान जगन्नाथ सम्पन्न

- **कार्यक्रम पारम्परिक रूप से बारह बजे मंदिर पर स्थित तोप चलाई गई। भगवान जगन्नाथ जी की पूजा अर्चना कर रथ पर विराजित किया गया। रथ के साथ एस्कान ग्रुप के भक्त जन प्रभु भक्ती करतें चल रहें थे**

बारा। 23वीं भगवान जगन्नाथ रथयात्रा साधु संतों के सानिध्य में मंदिर श्री प्यारेराम जी से जिला प्रशासन व एएसपी राजेश चौधरी द्वारा आरती के साथ शुरू हुई। समिति के कमल नागर ने बताया कि कार्यक्रम पारम्परिक रूप से बारह बजे मंदिर पर स्थित तोप चलाई गई।

फिर भगवान जगन्नाथ जी की पूजा अर्चना कर रथ पर विराजित किया गया। यह रथ एस्कान ग्रुप द्वारा भव्य फूलों से सजाया गया एवं रथ के साथ एस्कान ग्रुप के भक्त जन प्रभु भक्ती करतें चल रहें थे। रथयात्रा की शुरुआत में आरती के बाद पुलिस बेंड द्वारा मधुर भक्ती मय धुनो से अपनी प्रस्तुति दी।

रथ के आगे दिव्य बग्गी में श्री श्याम बाबा का दरबार सजाया गया था जिसके साथ श्याम प्रेमी पूर्ण भक्ती में झूमते नाचते गाते चल रहें थे। रथ की पूर्ण यात्रा के दौरान सुरक्षा एवं व्यवस्था हिन्दू अखाड़ा समिति के जिलाध्यक्ष मुकेश शर्मा के नेतृत्व में देखी जा रहीं थी। श्री जगन्नाथ रथयात्रा समिति के सभी सदस्यगण भी पूर्ण गणवेश के साथ रथयात्रा की व्यवस्था को और भव्यता प्रदान कर रहें थें।

यह यात्रा शहर के प्रमुख मार्गो से होती हुई प्रताप चौक पहुंची, जहाँ आकर्षक साज सज्जा से सुसज्जित महाराणा प्रताप चौक पर पुनः पुलिस बेंड एस्कान ग्रुप द्वारा भक्ती भजन एंव इवेंट कलाकारों द्वारा भगवान जगन्नाथ की भव्य महाआरती की गईं एंव आकर्षक आतिशबाजी एंव पुष्प वर्षा के साथ साथ प्रसाद वितरण किया गया और पुनः रथयात्रा मंदिर प्यारेराम जी पर पहुंच सम्पन्न हुई।

आज की इस भव्य जगन्नाथ यात्रा को देखने अपार सनातन समाज का सैलाब दर्शन लाभ लेने पुरे यात्रा मार्ग पर पुष्प वर्षा करता स्वागत करने उमड़ पड़ा। भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा की समिति द्वारा पुरे एक महीने से की जा रहीं तैयारीयों को लेकर आज आम भक्त जन सनातन समाज में चर्चा रहा की बहुत ही भव्य दिव्य रथयात्रा रहीं।

इस बार की समिति के संरक्षक नर्सिंग नागर, संयोजक सत्यनारायण गर्ग, सह संयोजक गौरव चौरसिया, प्रचार प्रसार कमल नागर, हितेश खंडेलवाल, धन संग्रह टोली प्रमुख रथ सज्जा हेमराज चौबे, मुरली कसेरा, प्रकाश खंडेलवाल, पुरुषोतम नामा, रमेश यादव, सीताराम सोनी, प्रमोद शर्मा, मनोज शर्मा, पृथ्वीराज मीणा, ओम सारस्वत, ब्रज गोविन्द टेलर, बद्री चौरसिया, ओम प्रकाश शर्मा, मुकेश शर्मा अध्यक्ष हिन्दू अखाड़ा समिति, महावीर कला मंडल गण, गौ सेवा समिति श्याम भक्त मंडल परिवार, एस्कान ग्रुप सहित सभी गणमान्य बंन्दुओ का सहयोग सहभागिता के साथ सम्पन्न हुई कार्यक्रम का सम्पूर्ण मंच संचालन समिति द्वारा किया गया।

ग्रामीणों के चेहरे पर छाई खुशी की लहर

झालावाड़ । राज्य सरकार के निर्देशानुसार चलाए जा रहे पण्डित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा 2025 के अन्तर्गत शुक्रवार को ब्लॉक असनावर की ग्राम पंचायत गोरधनपुरा में आयोजित शिविर में नोडल अधिकारी एवं उपखण्ड अधिकारी विकास प्रजापत को ग्राम बांसघट्टी पटवार मण्डल गोरधनपुरा में पानी की निकासी व खेतों पर जाने वाले रास्ते को खुलवाने हेतु प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ।

उपखण्ड अधिकारी के निर्देशानुसार तहसीलदार रतनलाल भील के मार्गदर्शन में शिविर प्रभारी शिवसिंह जाटव, भू अभिलेख निरीक्षक सरिता शर्मा व पटवारी सीमा राठौड़ द्वारा मौका मुआयना कर खसरा नं. 256 रकबा 0.0758 है. गै. मु. रास्ता दर्ज रिकार्ड पाया गया। जिस पर कार्यवाही करते हुए 50 वर्षों से बन्द उक्त रास्ते को जे.सी.बी. मंगवा कर खुलासा करवाया गया।

डीएम को मुख्यमंत्री के नाम दिया ज्ञापन

बारां। विश्व हिंदू परिषद के अंतर्गत दुर्गा वाहिनी जिला संयोजिका मोना जैन के नेतृत्व में दुर्गा वाहिनी की बालिकाओं ने अतिरिक्त जिला कलेक्टर को राजस्थान के मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया। दुर्गा वाहिनी की जिला संयोजिका मोनिका जैन ने बताया कि गत दिनों ग्राम माथना में दलित हिंदू बालिका को विशेष समुदाय द्वारा बहलाफुसला कर भगा लिया गया और उसकी जानकारी जब उसकी मां को पता चली कि बालिका विशेष समुदाय के साथ गई है तो उसके वियोग में गहरे सदमें में दलित बालिका की मां की मृत्यु हो गई। राजस्थान प्रदेश में लव जिहाद के मामलों में रोजाना बढ़ोतरी हो रही है। सरकार को चाहिए कि लव जिहाद की पुनरावृत्ति नहीं हो इसके लिए सरकार को नया कानून बनाकर के इस पर कठोरता से रोक लगानी चाहिए। सख्त से सख्त और ठोस कदम उठाने चाहिए। राजस्थान प्रदेश में हिंदू बालिका और महिलाओं की सुरक्षा के लिए कड़े प्रबंध करने चाहिए। प्रदेश में बढ़ रहे लव जिहाद के मामलों को लेकर के राज्य सरकार को कड़ा कानून बनना चाहिए।

हाड़ौती संभाग कोचिंग समिति का कोचिंग निदेशकों का सम्मान समारोह सम्पन्न

कोटा, (निसं)। हाड़ौती संभाग कोचिंग समिति द्वारा कोटा के तलवंडी क्षेत्र स्थित एक निजी होटल में कोचिंग निदेशक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में हाड़ौती अंचल के कोचिंग संस्थानों से जुड़े अनेक शिक्षाविदों, शिक्षा संचालकों और सामाजिक प्रतिनिधियों ने सहभागिता की। इस आयोजन का उद्देश्य था। सीमित संसाधनों के बावजूद उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम देने वाले लघु एवं मध्यम श्रेणी के कोचिंग संस्थानों के योगदान को सम्मानित करना और उन्हें प्रोत्साहन प्रदान करना।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, रेडक्रॉस सोसायटी राजस्थान के अध्यक्ष, नागरिक सहकारी बैंक के चेयरमैन और माहेश्वरी समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी राजेशकृष्ण बिरला ने कोचिंग निदेशकों के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा, "छोटे कोचिंग संस्थान समर्पित भावना से विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। ये संस्थान न केवल शैक्षिक दृष्टिकोण से अग्रणी हैं, बल्कि समाज में शिक्षा का दीप जलाने का कार्य भी कर रहे हैं।" अध्यक्षीय उद्बोधन में कोटा दक्षिण के विधायक संदीप शर्मा ने कोचिंग निदेशकों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए कहा, "मैंने सदन में कोचिंग विधेयक के सरलीकरण की आवश्यकता को मजबूती से रखा है। आगे भी मैं कोचिंग संचालकों की आवाज को मंच प्रदान करता रहूंगा ताकि उनके हितों की रक्षा हो सकें।" नगर निगम कोटा दक्षिण के नेता प्रतिपक्ष व दशहरा मेले समिति के अध्यक्ष विवेक राजवंशी, भारत विकास परिषद के पदाधिकारी किशन पाठक, रेल सलाहकार समिति सदस्य आशीष मेहता और मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी व समग्र शिक्षा परियोजना समन्वयक योगेंद्रचंद्र पारीक ने कोचिंग संस्थानों की भूमिका को सराहते हुए उन्हें सामाजिक समावेश, शिक्षा विस्तार व निर्धन छात्रों के प्रति सहानुभूति पूर्ण प्रयासों के लिए प्रेरणास्रोत बताया।

कार्यक्रम में संभागीय अध्यक्ष बुद्धिप्रकाश शर्मा ने समिति की ओर से किए जा रहे सामाजिक, शैक्षणिक व राष्ट्रवादी कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि वर्तमान में कोचिंग संस्थान कई प्रकार की चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, जिनमें नीति निर्धारण, नियमन, संसाधनों की कमी जैसी बाधाएं प्रमुख हैं। ऐसे में हाड़ौती कोचिंग समिति शिक्षकों और शिक्षण संस्थानों के हितों की सुरक्षा हेतु प्रतिबद्ध है।

मीडिया प्रभारी विशाल उपाध्याय ने बताया कि इस समारोह में चारों जिलों कोटा, बूंदी, बारां और झालावाड़ के कोचिंग संस्थानों के निदेशकों को सम्मानित किया गया। साथ ही, उन्हें समिति की आधिकारिक सदस्यता और सम्बद्धता प्रमाण-पत्र भी प्रदान किए गए। समारोह में समिति के संरक्षक राकेश मिश्रा, सचिव धनेश विजयवर्गीय, वरिष्ठ उपाध्यक्ष ओम मेहता, कोषाध्यक्ष नरेश नागर, संगठन मंत्री आर. वी.प्रजापति, कोटा जिला संरक्षक आर.के. जांगिड़, कोटा जिला अध्यक्ष सोनिया राठौड़, जिला उपाध्यक्ष अनिकेत प्रजापति, संगठन मंत्री वीरेन्द्र शर्मा, मीडिया प्रभारी विशाल उपाध्याय सहित समिति से जुड़े सभी निदेशकगण व कार्यकारिणी सदस्य उपस्थित रहे।

जिला कलेक्टर डॉ. पीयूष समारिया ने किया एमबीएस अस्पताल का निरीक्षण

कोटा, (निसं)। जिला कलेक्टर पीयूष समारिया ने शुक्रवार को एमबीएस अस्पताल का सघन निरीक्षण किया। उनके साथ मेडिकल कॉलेज की प्राचार्य डॉ.संगीता सक्सेना और एमबीएस अस्पताल के अधीक्षक डॉ.धर्मराज मीणा उपस्थित रहे।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने बायोमेडिकल वेस्ट के सुरक्षित निष्पादन को लेकर सख्त निर्देश देते हुए कहा कि इसका निस्तारण निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने ब्लड बैंक की स्थिति की समीक्षा करते हुए ब्लड ग्रुपवार यूनिट्स की पर्याप्त उपलब्धता की अनिवार्यता पर बल दिया। अस्पताल परिसर में पाई गई गंदगी पर नाराजगी जताते हुए उन्होंने नियमित एवं सतत् सफाई व्यवस्था के निर्देश दिएं।

कोटा जिला कलेक्टर ने एमबीएस अस्पताल का निरीक्षक कर आवश्यक निर्देश दिए।

- **मरीजों को गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाने के दिए निर्देश**

उन्होंने स्पष्ट रूप से निर्देश दिया कि सभी ड्यूटी डॉक्टर एप्रन में हों तथा नर्सिंग स्टॉफ के नाम बैज उनकी यूनिफॉर्म पर प्रदर्शित हों ताकि जिम्मेदारी सुनिश्चित हो सके और मरीजों को सही व्यक्ति तक पहुंचने में असुविधा न हो। कलेक्टर ने कहा कि अस्पताल परिसर में प्रमुख योजनाओं की जानकारी, ड्यूटी स्टॉफ की डिटेल्स, ओपीडी/आईपीडी समय, विभागीय मैप आदि सूचना बोर्डों के माध्यम से प्रदर्शित किए जाएं ताकि मरीजों एवं तीमारदारों को इधर-उधर भटकना न पड़े। उन्होंने दवाओं की उपलब्धता, एसओपी की अनुपालना, जांच व रिपोर्ट वितरण व्यवस्था की भी समीक्षा करते हुए मरीजों को सुगमता से गुणवत्तापूर्ण सेवा देने के निर्देश दिए।

कलेक्टर डॉ. समारिया ने रेजिडेंट डॉक्टर्स की हड़ताल और उससे प्रभावित हो रही चिकित्सा सेवाओं की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वैकल्पिक व्यवस्थाएं मजबूत की जाएं ताकि मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। साथ ही रेजिडेंट्स से संवेदनशील अपील की कि जनहित सर्वोपरि है और उन्हें शीघ्र कार्य पर लौटना चाहिए।

3 घण्टे बिजली रहेगी बन्द - छबड़ा 27 जून। 132 केवी कोलूखेड़ी सब स्टेशन पर मरम्मत कार्य के चलते आज शनिवार को छबडा उपखंड के समस्त 33/11 केवी जीएसएस की विधुत सप्लाई 3 घण्टे बंद रहेगी।विद्युत आपूर्ति शनिवार को सुबह 10:00 से दोपहर 01:00 तक बाधित रहेगी।

खोया पाया

सीमा जैन पत्नी बाबूलाल जैन 2-थ-3 टीचर्स कालोनी केशवपुरा कोटा का नियमितिकरण व अदेय प्रमाण पत्र गुम हो गया है किसी को मिलने पर सूचित करें।

आम सूचना

मेरे पक्षकार प्रभात मित्तल पुत्र श्री बंशीधर मित्तल निवासी-541, महावीर नगर प्रथम कोटा के निर्देशानुसार सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार की पत्नि ज्योति मित्तल पुत्री कुशागी मित्तल व ख्याति मित्तल एवं पुत्र महत्व मित्तल मेरे पक्षकार के कहने में नहीं है तथा उनके कृत्य मेरे पक्षकार की समाज व परिवार में छवी को धुमिल कर रहे है तथा मेरे पक्षकार व उसके वृद्ध पिता से अभद्र व्यवहार करते है, तथा पिछले एक वर्ष से मेरे पक्षकार को उक्त परिवारजन अलग से निवास कर रहे है, तथा मेरे पक्षकार की पत्नि अपनी माता व बहन के बहकावे में आकर अपने परिवार को तोड़ने पर आतुर है, उनके कृत्यों से मेरे पक्षकार आहत है, तथा अपनी पत्नि व बच्चों के व्यवहार में परिवर्तन की कोई संभावना नहीं है, इस कारण मेरे पक्षकार अपनी पत्नि व बच्चों को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करते है सूचित करते है कि उक्त व्यक्तियों से मेरे पक्षकार के बिहाफ पर किसी भी प्रकार का सदव्यवाहार व लेन-देन नहीं करे यदि करते है तो उससे होने वाले नुकसान के लिये वह स्वंय जिम्मेदार होगे।

दिनांक-27.06.2025

भवदीय
रियाज अहमद एडवोकेट

न्यायालय तहसीलदार तहसील मनासा, जिला-नीमच म.प्र.

ई नंबर 1523 दिनांक 23.6.25

समन सूचना (आदेश 5 के नियम 1 और 5)

बनाम:-

1. गोपाल पिता सुरेशचन्द्र कुमावत निवासी श्रीराम कालोनी गलीनंबर 01 निम्बाहेडा राजस्थान,
2. नीता पिता सुरेशचन्द्र कुमावत निवासी श्रीराम कालोनी गलीनंबर 01 निम्बाहेडा राजस्थान
3. शशिकला पिता रामचन्द्र कुमावत केयर ऑफ-देवेन्द्र कुमावत आदर्श कालोनी निम्बाहेडा राजस्थान
4. शांति उर्फ गुड्डी पति गजेन्द्र कुमावत निवासी नयापुरा अपेक्स आर्ट गैलरी कोटा राजस्थान

(नाम, वर्णन और निवास स्थान)

बंशीलाल पिता रामचन्द्र कुमावत निवासी मनासा मौजा मनासा स्थित भूमि सर्वे नंबर 795 रकबा 0.356 हे. भूमि पर भूमि पर मृतक खातेदार सरजूबाई पति रामचन्द्र कुमावत के स्थान पर वसीयत के आधार पर नामांतरण किए जाने का अनुरोध किया गया। जो कि इस न्यायालय के न्यायालयीन प्रकरण क्रमांक 2525/अ-06/2024-25 से दर्ज है। ने अपने विरुद्ध के लिए वाद संस्थित किया है। आपको इस (हाजिर) होने के लिए समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात दिनांक 11.07.2025 को हो सकते है जिसमें सम्यक अनुदेश दिए गए हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। न्यायालय में आपकी उपसंजाति के लिए जो दिन नियत किया गया है वह इस वाद के अंतिम निपटारे के लिए नियत दिन है इसलिए आपको उस दिन अपने उन सब साथियों को या उन सब दस्तावेजों को पेश करने के लिए तैयार रहना चाहिए जिन पर आपकी प्रतिरक्षा के लिए निर्भर रहना चाहते है।

आपको सूचित किया जाता है कि दिनांक 11.07.2025 को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा।

यह आज तारीख 23.6.25 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

मोहर अदालत
तहसीलदार, मनासा, जिला-नीमच

कार्यालय नगर निगम, कोटा-उत्तर

क्रमांक:-ननिको.(उ.)/भ.नि.अनु./जोन-प्रथम/2025/8311-12 दिनांक: 27.6.25

सार्वजनिक विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदकों श्री अशोक मित्तल एवं श्री सत्यनारायण मित्तल पुत्र श्री ओमप्रकाश मित्तल निवासी-महारानी गर्ल्स स्कूल के पास रामपुरा कोटा राजस्थान द्वारा आवास/भूखंड रामपुरा भाटापाडा महारानी गर्ल्स स्कूल के पीछे रामपुरा कोटा का क्षेत्रफल 3021.41 वर्गफीट का स्वामित्व स्वयं के नाम हस्तान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है।

आवास/भूखंड रामपुरा भाटापाडा महारानी गर्ल्स स्कूल के पीछे रामपुरा कोटा स्थित भूखंड का आवंटन कार्यालय नगर निगम कोटा-उत्तर द्वारा पट्टा क्रमांक 5016 दिनांक 13.03.2023 जिसका क्षेत्रफल 3021.41 वर्गफीट श्रीमती हरिकंवर मित्तल पत्नी श्री ओमप्रकाश मित्तल के पक्ष में जारी किया गया था। श्रीमती हरिकंवर मित्तल पत्नी श्री ओमप्रकाश मित्तल की मृत्यु दिनांक 11.02.2024 को हो चुकी है व श्री ओमप्रकाश मित्तल की भी मृत्यु दिनांक 26.05.2006 में हो चुकी है। श्रीमती हरिकंवर मित्तल पत्नी श्री ओमप्रकाश मित्तल द्वारा रजिस्टर्ड वसीयत-नामा दिनांक 10.09.2024 को श्री अशोक मित्तल एवं श्री सत्यनारायण मित्तल पुत्र श्री ओमप्रकाश मित्तल के पक्ष में निष्पादित की गई।

आवेदकों द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार आवास/भूखंड रामपुरा भाटापाडा महारानी गर्ल्स स्कूल के पीछे रामपुरा कोटा द्वारा कुल क्षेत्रफल (3021.41 वर्गफीट) का नाम हस्तान्तरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त आवास/भूखंड रामपुरा भाटापाडा महारानी गर्ल्स स्कूल के पीछे रामपुरा कोटा का नाम हस्तान्तरण करने में किसी व्यक्ति, संस्था या अन्य कोई जो उक्त भूखंड से संबंध रखता है, को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 07 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित रुप से अधो-हस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। उक्त निर्धारित समयावधि के पश्चात कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

उपायुक्त नगर निगम कोटा उत्तर

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक:-एफ11 विक्रय/2025/177 दिनांक:-27.06.25

नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना

कोटा विकास प्राधिकरण कोटा द्वारा भूखंड संख्या 1143 सुभाष नगर आवासीय योजना में आवंटन पत्र क्रमांक 522 दिनांक 20.04.1991 को श्री प्रहलाद कुमार पुत्र श्री कन्हैयालाल के नाम आवंटन किया गया था। श्री प्रहलाद कुमार पुत्र श्री कन्हैयालाल द्वारा उक्त भूखंड का जर्ये मुख्तारआम श्री जगदीश प्रसाद मेहता पुत्र श्री श्रीलाल मेहता द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 03.06.2025 को श्री प्रदीप कुमार औदिच्य पुत्र श्री राम किशन शर्मा को विक्रय कर दिया गया है। अतः श्री प्रदीप कुमार औदिच्य पुत्र श्री राम किशन शर्मा द्वारा उक्त भूखंड का स्वामित्व अपने नाम से नामहस्तान्तरण करने हेतु न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखंड संख्या 1143 सुभाष नगर आवासीय योजना का नाम हस्तान्तरण श्री प्रदीप कुमार औदिच्य पुत्र श्री राम किशन शर्मा के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपसचिव कोटा विकास प्राधिकरण कोटा

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक:-एफ11 विक्रय/2025/176 दिनांक:-27.06.25

नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना

कोटा विकास प्राधिकरण कोटा द्वारा भूखंड संख्या 1142 सुभाष नगर आवासीय योजना में आवंटन पत्र क्रमांक 440 दिनांक 09.05.1991 को श्री कमलेश कुमार पुत्र श्री दामोदर प्रसाद के नाम आवंटन किया गया था। श्री कमलेश कुमार पुत्र श्री दामोदर प्रसाद द्वारा उक्त भूखंड का जर्ये मुख्तारआम श्री जगदीश प्रसाद मेहता पुत्र श्री श्रीलाल मेहता द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 03.06.2025 को श्री प्रदीप कुमार औदिच्य पुत्र श्री राम किशन शर्मा को विक्रय कर दिया गया है। अतः श्री प्रदीप कुमार औदिच्य पुत्र श्री राम किशन शर्मा द्वारा उक्त भूखंड का स्वामित्व अपने नाम से नामहस्तान्तरण करने हेतु न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखंड संख्या 1142 सुभाष नगर आवासीय योजना का नाम हस्तान्तरण श्री प्रदीप कुमार औदिच्य पुत्र श्री राम किशन शर्मा के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपसचिव कोटा विकास प्राधिकरण कोटा

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक:-एफ11 विक्रय/2025/170 दिनांक:-27.06.25

नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना

कोटा विकास प्राधिकरण कोटा द्वारा भूखंड संख्या 570 मुकुन्दरा विहार विस्तार आवासीय योजना में आवंटन पत्र क्रमांक 281 दिनांक 10.03.2021 को श्री महेन्द्र पाल मीना पुत्र श्री बिरधी लाल मीना के नाम आवंटन किया गया था। श्री महेन्द्र पाल मीना पुत्र श्री बिरधी लाल मीना द्वारा उक्त भूखंड का जर्ये मुख्तारआम श्री गोपी वैष्णव पुत्र श्री जगदीश प्रसाद वैष्णव द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 13.09.2022 को श्री रविन्द्र कुमार गौतम पुत्र श्री राजेन्द्र कुमार गौतम को विक्रय कर दिया गया है। अतः श्री रविन्द्र कुमार गौतम पुत्र श्री राजेन्द्र कुमार गौतम द्वारा उक्त भूखंड का स्वामित्व अपने नाम से नामहस्तान्तरण करने हेतु न्यास में आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः जरिये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखंड